# अपने कवर के बारे में जानें

## आपका घर– पहले $300,000

**आपके घर के लिए हम निम्न के लिए कवर प्रदान करते हैं:**

- आपका घर या होलीडे होम
- [घर से] अलग इमारतें या संरचनाएं जिन्हें आप अपने दैनिक जीवन के हिस्से के रूप में उपयोग करते हैं (उदाहरण के लिए शैड, गैराज, पर्गोला)
- कुछ आवश्यक सेवाएँ जो आपके घर को सेवा प्रदान करती हैं, जैसे कि जल आपूर्ति, जल निकासी, सीवरेज (मल-व्यवस्था) गैस, बिजली, हीटिंग या दूरसंचार।

### हम कितनी राशि कवर करते हैं

यदि आपका घर किसी प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हो जाता है, तो हम आपके घर और उससे संबंधित इमारतों की मरम्मत या प्रतिस्थापन के लिए आम तौर पर पहले **$300,000 + जीएसटी** तक का मुआवजा प्रदान कर सकते हैं।

इस राशि से अधिक का कोई भी कवर आपकी निजी बीमा पॉलिसी के माध्यम से प्रदान किया जाता है।

आप अपने बीमाकर्ता से घर के लिए जितनी राशि का बीमा कवर खरीद रहे हैं, वह आपके घर के पुनर्निर्माण के लिए पर्याप्त है, इसकी नियमित रूप से जाँच करना एक अच्छी बात है।

## आपकी भूमि – कुछ सीमाओं के साथ एक अनोखा कवर

आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड दुनिया के उन एकमात्र देशों में से एक है, जहाँ प्राकृतिक आपदा आयोग द्वारा आवासीय भूमि बीमा उपलब्ध कराया जाता है। यह कवर आम तौर पर मरम्मत के लिए एक योगदान होता है, और आप अपने बीमाकर्ता के माध्यम से अतिरिक्त भूमि कवर नहीं खरीद सकते। कुछ बीमाकर्ता भूमि की संरचनाओं, जैसे कि रिटेनिंग (अवरोधक) दीवारों, पुलों और पुलियों के लिए अतिरिक्त टॉप-अप कवर प्रदान कर सकते हैं। यह जानने के लिए अपने बीमाकर्ता से बात करें कि कौन सा कवर उपलब्ध है।

**आपकी भूमि के लिए, हम निम्न सीमित क्षेत्र का कवर प्रदान करते हैं:**

- आपके घर और संबंधित इमारतों और संरचनाओं के नीचे की और **आसपास 8 मीटर तक** की भूमि
- घर से **60 मीटर** की दूरी तक आपके मुख्य पहुंच मार्ग के नीचे की भूमि
- एक सीमा तक कुछ रिटेनिंग (अवरोधक) दीवारें, पुल और पुलिया।

### आपका भूमि का कवर सीमित है

हम केवल लैंड कैप (भूमि सीमा) तक की मरम्मत की लागत के लिए कवर प्रदान कर सकते हैं, जो आपकी बीमाकृत, क्षतिग्रस्त भूमि के मूल्य पर आधारित है।

क्योंकि यह एक योगदान है, कभी-कभी हमारा कवर आपकी संपत्ति को हुए नुकसान की पूरी तरह से मरम्मत करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इन सीमाओं को समझना तथा यह जानना जरूरी है कि आप अपनी संपत्ति के जोखिमों का प्रबंधन कैसे कर सकते हैं।आप हमारी वेबसाइट: www.naturalhazards.govt.nz/know-your-cover. पर कवर के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

यह जानकारी Natural Hazards Insurance Act (प्राकृतिक आपदा बीमा अधिनियम) के तहत हमारे द्वारा प्रदान किए जाने वाले बीमे का एक सामान्य सारांश प्रदान करती है। इस अधिनियम की प्राथमिकता इस फ़्लायर की विषय-वस्तु पर सदा रहेगी।

इस फ़्लायर में दी गई जानकारी उन मकान मालिकों के लिए मान्य है जो प्राकृतिक आपदा बीमा लेवी (शुल्क) का भुगतान किसी ऐसे निजी बीमाकर्ता के माध्यम से करते हैं, जो हमारे साथ बीमा साझेदारी का सदस्य है। Direct NHCover (प्रत्यक्ष एनएचकवर) ग्राहकों या जिनके निजी बीमाकर्ता हमारे साथ साझेदारी नहीं करते हैं, [उनके लिए] NHCover (एनएचकवर) प्राप्त करने या दावा करने के विवरण भिन्न हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए www.naturalhazards.govt.nz/insurance-and-claims/ पर जाएं।

## Natural Hazards Commission (प्राकृतिक आपदा आयोग) Toka Tū Ake के बारे में

Natural Hazards Commission Toka Tū Ake (प्राकृतिक आपदा आयोग) आओटियारोआ न्यूज़ीलैंड की प्राकृतिक आपदा बीमा योजना है, जो तब लागू होती है जब आपका घर किसी प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त हो जाता है।

इस योजना को पहली बार 1945 में स्थापित किया गया था ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी न्यूज़ीलैंडवासियों को प्राकृतिक आपदा कवर प्राप्त हो सके।

लगभग 80 वर्षों के बाद, हमने इसमें बड़े परिवर्तन किए हैं, लेकिन लोगों, संपत्ति और समुदाय पर प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए अपने काम के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए, हम:

1. हमारे देश की प्राकृतिक आपदा कवर बीमा योजना का प्रबंधन कर रहे हैं
2. अधिक लचीले समुदायों के निर्माण के लिए अनुसंधान और शिक्षा में निवेश कर रहे हैं
3. प्राकृतिक आपदाओं के प्रति न्यूज़ीलैंड की तत्परता बनाने में मदद कर रहे हैं, ताकि जब आपको हमारी आवश्यकता हो तो हम आपके लिए मौजूद रहें।